# ANNUAL EXAMINATION (2025-26)
# HINDI (085)

Class: IX — Duration3.00Hrs
Date :18.02.2026 — Max. Marks: 80
Admission No.: — Roll No.:

---

**सामान्य निर्देश** 1. कृपया अच्छी तरह परीक्षण कर लें कि इस प्रश्नपत्र में 19 प्रश्न हैं ।
2. प्रत्येक भाग के उत्तर एक ही स्थान में क्रम से लिखने की यथासंभव कोशिश करें ।
3. उत्तरलेखन से पूर्व प्रश्न का क्रमाङ्क प्रश्नपत्र के अनुसार अवश्य लिखें ।
4. प्रश्नों के निर्देश ध्यानपूर्वक अवश्य पढ़ें ।

**प्रश्नपत्रस्वरूप**-भाग 'क' : अपठित गद्यांश — 14 अङ्क
भाग 'ख' : व्याकरण — 16 अङ्क
भाग 'ग' : पाठ्यपुस्तक — 30 अङ्क
भाग 'घ' : लेखन- कौशल — 20 अङ्क

---

खंड क (अपठित बोध ) (14 अंक)

प्रश्न 1 निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिये -

किसी भी कार्य की सफलता के लिए ध्येय के प्रति उत्कट लगन, कार्य में अटूट श्रद्धा एवं अपनी शक्तियों में पर्याप्त विश्वास आवश्यक है। विश्वास, एकाग्रता, लगन ,संतुलन, श्रद्धा आदि सब साहस के ऊपर निर्भर है, क्योंकि मनुष्य का सबसे प्रथम गुण साहस है । साहस अन्य सब गुणों का प्रतिनिधित्व करता है। यदि तन सशक्त हो ,मन सशक्त हो वाणी, सशक्त हो तो उनके द्वारा प्राप्त कार्य शक्ति के आगे भाग्य स्वयं नतमस्तक हो जाता है। साहसी की प्रतिभा के सामने शोक भय भाग जाते हैं। साहसी को संसार भी रास्ता देता है। मनुष्य में सब गुण हो वह विद्वान हो, धनवान हो ,शक्तिशाली हो पर यदि उसमें साहस न हो तो वह अपने सद्गुणों का अपनी योग्यताओं व अपनी शक्तियों का उपयोग नहीं कर सकता साहस मनुष्य के व्यक्तित्व का नायक है ।साहस व्यक्ति को निर्भय बनाता है और जहां निर्भयता होती है वहां सफलता निश्चित है। निर्भयता से ही आत्मविश्वास जागृत होता है आत्मविश्वास के अभाव में हम उसे प्रत्येक कार्य को करते हुए डरेंगे, जो हमने पहले नहीं किया और जो बिल्कुल नया है। जिनके संकल्प अधूरे होते हैं ,जो संशय ग्रस्त होते हैं वे कोई बड़ा काम नहीं कर पाते और कुछ करते भी हैं तो उनमें असफल हो जाते हैं।

1. कार्य की सफलता के लिए क्या आवश्यक है? (1)
   (क) ध्येय के प्रति उत्कट लगन — (ख) अपनी शक्तियों में विश्वास
   (ग) कार्य में अटूट श्रद्धा — (घ) उपर्युक्त सभी
2. भाग्य किन के समक्ष नतमस्तक हो जाता है? (1)
   (क) भाग्यवान के सामने — (ख)भाग्यवादियों के सामने
   (ग) साहसी व्यक्तियों के सामने — (घ) भाग्य की पूजा करने वालों के सामने
3. कथन और कारण को चुनकर सही विकल्प चुनिए। (1)
   कथन ( A) विश्वास, एकाग्रता, लगन ,संतुलन, श्रद्धा आदि सब साहस के ऊपर निर्भर है।
   कारण ( R) साहसी की प्रतिभा के सामने शोक और भय भाग जाते हैं । साहसी को संसार भी रास्ता देता है।

(क) कथन A गलत है,किंतु कारण R सही है।

(ख) कथन A और कारण R दोनों ही गलत हैं।

(ग) कथन A सही है और कारण R कथन A की सही व्याख्या है।

(घ) कथन A सही है,किंतु कारण R कथन A की सही व्याख्या नहीं है।

4. कैसे लोग कोई बड़ा काम नहीं कर पाते हैं? (2)

5. किस गुण के अभाव में मनुष्य अपने सद्गुणों,योग्यताओं और शक्तियों का उपयोग नहीं कर पाता? (2)

प्रश्न 2. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उत्तर लिखिए: -

हमारी एकता का सबसे बड़ा प्रमाण यह है कि उत्तर या दक्षिण चाहे जहां भी चले जाइए आपको जगह-जगह एक ही संस्कृति के मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारे या चर्च दिखाई देंगे। उत्तर भारत के लोगों का जो स्वभाव है,जीवन को देखने की उनकी जो दृष्टि है वही स्वभाव और वही दृष्टि दक्षिण वालों की भी है। भाषा की दीवार के टूटते ही एक उत्तर भारतीय और एक दक्षिण भारतीय के बीच कोई भी भेद नहीं रह जाता और वह आपस में एक दूसरे के बहुत करीब आ जाते हैं असल में भाषा की दीवार के आर पर बैठे हुए भी हुए एक ही है वह एक धर्म के अनुयायी और संस्कृति की एक ही विरासत के भागीदार हैं ।उन्होंने देश की आजादी के लिए एक होकर लड़ाई लड़ी धार्मिक विश्वास की एकता मनुष्य की सांस्कृतिक एकता को पोस्ट करती है अनेक सदियों से हिंदू मुसलमान साथ रहते आए हैं और इस लंबी संगति के फल स्वरुप उनके बीच संस्कृति और तहजीब की बहुत सी सामान बातें पैदा हो गई है जो उन्हें दिनों दिन आपस में नज़दीक लाती जा रही हैं।

1. एक ही संस्कृति के मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारे या चर्च किसके प्रमाण हैं? (1)

(क) हमारी एकता के (ख) अलग अलग पूजा करने के ढंग के

(ग) विभिन्न धर्मों के प्रतीकों के घ)विभिन्न धर्म के विभिन्न देवी देवताओं के

2. भाषा की दीवार टूटने का उत्तर और दक्षिण भारतीयों पर क्या प्रभाव पड़ता है? (1)

(क) वह अपनी-अपनी भाषा को श्रेष्ठ बताते हैं।

(ख) उनका भाषा पर मतभेद बढ़ जाता है।

(ग) उनके मतभेद समाप्त हो जाता है।

(घ) वे एक दूसरे की भाषा को द्वेष की दृष्टि से देखते हैं।

3 .कथन A और कारण R को पढ़कर सही विकल्प लिखिए (1)

कथन (A )उत्तर भारत के लोगों का जो स्वभाव है जीवन को देखने की उनकी जो दृष्टि है वही स्वभाव और वही दृष्टि दक्षिण वालों की भी है

कारण (R )धार्मिक विश्वास की एकता मनुष्य की सांस्कृतिक एकता को पुष्ट करती है।

(क) कथन A गलत है किंतु कारण R सही है।

(ख) कथन A और कारण R दोनों ही गलत है।

(ग) कथन A सही है और कारण R कथन A की सही व्याख्या है।

(घ) कथन A सही है, किंतु कारण R कथन A की सही व्याख्या नहीं है।

4. कौन लोग एक ही विरासत के भागीदार हैं? (2)

5 .हिंदू मुसलमानो के मध्य ऐसी कौन बातें हैं जो उन्हें नज़दीक लाती हैं? (2)

खण्ड ख व्यवहारिक व्याकरण (16अंक)

प्रश्न 3 निम्नलिखित में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए - (2)

(क) एक शब्द से अन्य शब्दों का निर्माण कैसे होता है?

(ख) पद कहलन के लिए शब्द को अपने स्वरूप में क्या परिवर्तन लाना पड़ता है ,स्पष्ट कीजिए।

(ग) एक ही शब्द के अलग-अलग रूप क्या कहलाते हैं?

प्रश्न 4 उचित स्थान पर अनुस्वार लगाए । (कोई एक ) (1)

1. अधेरा 2. महिलाए

प्रश्न 5 उचित स्थान पर अनुनासिक लगाए। (कोई एक ) (1)

1. वस्तुए 2. घुघट

प्रश्न 6 निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं दो में प्रयुक्त उपसर्ग एवं मूल शब्द अलग करके लिखिए। [2]

1. अस्थायी 2. उपयोग 3. अभियांत्रिक

प्रश्न 7. निम्नलिखित मूल शब्दों में प्रत्यय जोड़कर बनने वाले कोई दो शब्द लिखिए। [2]

1. भारत + ईय 2. प्रतिभा +वान 3. विज्ञान+ इक

प्रश्न 8 निम्नलिखित में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए। [2]

(क) शायद वह यहाँ आ गया। (अर्थ के आधार पर वाक्य भेद बताइए।)

(ख) परिश्रम करने से सफलता मिलती है (आज्ञावाचक वाक्य में बदलकर लिखिए)

(ग) स्त्रियों का सम्मान होता है। (निषेध वाचक वाक्य में बदलकर लिखिए।)

प्रश्न 9 निम्नलिखित में से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए। [3]

(क) हित+उपदेश (संधि कीजिए)

(ख) परम+ईश्वर (संधि कीजिए)

(ग) योगाभ्यास (संधि विच्छेद कीजिए)

(घ) छात्रावास (संधि विच्छेद कीजिए)

प्रश्न 10 निम्नलिखित वाक्यों में से किन्ही में उच्च स्थान पर विराम चिन्ह लगाइए। [3]

(क) तिलक ने कहा था स्वतंत्रता हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है

(ख) तुम कहाँ जा रहे हो

(ग) गणतंत्र दिवस की परेड में बच्चे बूढ़े पुरुष सभी एकत्रित हुए

(घ) हे राम यह क्या हो गया

## खण्ड ग पाठ्य पुस्तक आधारित (30 अंक)

प्रश्न 11. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए : (5)

बैठा शुक उस घनी डाल पर
जो खोते पर छाया देती |
पंख फुला नीचे खोते में
शुकी बैठ अंडे है सेती |
गाता शुक जब किरण बसंती
छूती अंग पर्ण से छनकर।
किंतु शुकी के गीत उमड़कर
रह जाते स्नेह में सनकर
गूँज रहा शुक का स्वर वन में
फूला मग्न शुकी का पर है।
गीत अगीत कौन सुंदर है?

1. शुक कहाँ बैठा हुआ था?

(क) पेड़ पर (ख) घोसले पर

(ग) डाली पर (घ) घनी डाल पर

2. शुकी घोंसले में बैठी क्या कर रही थी?

(क) गाना गा रही थी (ख) शुक से बातें कर रही थी

(ग) अंडों को से रही थी (घ) झूला झूल रही थी।

3 शुकी के गीतों को किस प्रकार का कहा गया है?

(क) विरह का (ख) स्नेह से भीगा हुआ

(ग) जोश का (घ) कर्कश

4 शुकी क्यों नहीं बोल रही थी?

(क) मातृत्व के सुखद भावों में डूबे होने के कारण

(ख) बच्चों के प्रति स्वाभाविक प्रेम के कारण

(ग) हृदय में दर्द छिपे होने के कारण

(घ) दुख के कारण

5. गाता शुक जब किरण बसंती,छूती अंग पर्ण से छनकर 'पंक्ति का आशय क्या है?

1 बसंती किरणों के अंगों को छूने पर तोता गाता है।

2 सूरज की किरणें पेड़ के पत्तों से छनकर आती हैं।

3 तोता असहाय होकर गाता है।

4 तोता सूरज की किरणों से परेशान हो उठता है।

विकल्प=

(क) 1 और 4 सही है। (ख) 1 और 2 सही है।

(ग) 1 और 3 सही है। (घ) 3 और 4 सही है।

प्रश्न 12 काव्य खंड पर आधारित किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (6)

1. अग्निपथ कविता का केंद्रीय भाव लिखिए।

2 खुशबू रचते हैं हाथ कविता को लिखने का मुख्य उद्देश्य क्या है?

3 रैदास ने अपने प्रभु को किन-किन नाम से पुकारा है?

4 कवि अग्निपथ पर चलते हुए छांह मांगने के लिए क्यों मन करता है?

प्रश्न 13 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के सही विकल्प का चयन कीजिए। (5)

तीसरे दिन की सुबह तुमने मुझे कहा," मैं धोबी को कपड़े देना चाहता हूं।" यह आघात अप्रत्याशित था और इसकी चोट मार्मिक थी।तुम्हारे समीप्य की वेला एकाएक तो रबड़ की तरह खींच जाएगी इसका मुझे अनुमान न था। पहली बार मुझे लगा कि अतिथि सदैव देवता नहीं होता वह मानव और थोड़े अंशों में राक्षस भी हो सकता है।

1 अतिथि ने धोबी को कपड़े देने की इच्छा व्यक्त क्यों की थी?

(क) अतिथि को लेखक की मेहमाननवाजी बहुत अच्छी लगी थी।

(ख) अतिथि को कपड़े धोना नहीं आता था।

(ग) अतिथि को घर जाने की जल्दी थी।

(घ ) अतिथि लेखक के यहां और कुछ दिन रुकना चाहते थे।

2 लेखक के लिए कौन सा आघात अप्रत्याशित था?

(क) अतिथि का मानव ना होना

(ख) अतिथि का धोबी को कपड़े देने की बात कहना।

(ग) अतिथि द्वारा जाने की इच्छा व्यक्त करना।

(घ) अतिथि के सामीप्य की बेला का समाप्त हो जाना।

3 लेखक को अतिथि किसके समान प्रतीत हो रहा था?

(क) देवता के समान (ख) मनुष्य के समान

(ग) राक्षस के समान (घ) महान व्यक्ति के समान

4 अतिथि देवता समान कब बन जाता है?

(क) सभी के साथ अधिकतम दिन व्यतीत करने पर।

(ख) थोड़े दिनों के लिए आकर सम्मानपूर्वक विदा हो जाने पर।

(ग) अधिक समय के लिए जाकर वहीं पर रह जाने पर।

(घ) आने के बाद जाने के बात भूल जाने पर।

5 कथन A और कारण R को पढ़कर सही विकल्प चुनिए:-

कथन A पहली बार मुझे लगा कि अतिथि सदैव देवता नहीं होता।

कारण R यह आघात अप्रत्याशित था और इसकी चोट मार्मिक थी।

(क ) कथन A तथा कारण R दोनों गलत हैं।

(ख) कथन A गलत है लेकिन कारण R सही है।

(ग) कथन A सही है,लेकिन कारण R उसकी गलत व्याख्या करता है।

(घ ) कथन A तथा कारण R दोनों सही हैं तथा कारण R कथन A की सही व्याख्या करता है।

प्रश्न 14 निम्नलिखित में से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25 से 30 शब्दों में लिखिए। (6)

1 सम्मिलित अभियान में सहयोग एवं सहायता की भावना का परिचय बछेंद्री के किस कार्य से मिलता है?

2 रमन के प्रारंभिक शोध कार्य को आधुनिक हठयोग क्यों कहा गया है?

3 दुख का अधिकार पाठ का शीर्षक कहां तक सार्थक है स्पष्ट कीजिए।

4 महादेव जी के किन गुणों ने उन्हें सबका लाड़ला बना दिया था?

प्रश्न 15 निम्न प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर 50 से 60 शब्दों में लिखिए। (8)

1 उनाकोटी का अर्थ स्पष्ट करते हुए बतलाएं कि यह स्थान इस नाम से क्यों प्रसिद्ध है?

2 चिट्ठियों के कुएं में गिरते ही लेखक पर बिजली सी क्यों गिर पड़ी?

3 अस्पताल से आकर लेखक कहां रहा और उसने क्या महसूस किया अपने शब्दों में लिखिए।

## खण्ड घ लेखन कार्य (अंक 20)

प्रश्न 16 निम्न में से किसी एक विषय पर संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए। [5]

(1) संयुक्त परिवार: वर्तमान जीवन की आवश्यकता

संकेत बिंदु: संयुक्त परिवार अर्थ और महत्व
बच्चों की सुरक्षा एवं रिश्तो का ज्ञान
परस्पर सहयोग की भावना
बुजुर्गों की सुरक्षा व अनुभव का लाभ
अकेलेपन से मुक्ति

(2) मधुर वचन

संकेत बिंदु: मधुर वचनों का महत्व
मीठी बोली के सकारात्मक प्रभाव
कटु वाणी के नकारात्मक प्रभाव
मीठी बोली में समाई अपनत्व की भावना

(3) समाचार पत्रों की उपयोगिता

संकेत बिंदु: सूचना प्राप्ति का महत्वपूर्ण साधन
प्रचार प्रसार का महत्वपूर्ण साधन
व्यापार और विज्ञानपन का साधन
मनोरंजन से भरपूर

प्रश्न 17 निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर पत्र लिखिए (5)

(1) आपके चाचा जी एक लेखक हैं उनकी काव्य कृति 'अलौकिक संवाद' के प्रकाशन पर बधाई देते हुए उन्हें पत्र लिखिए।


(2) अपने छोटे भाई को खाली समय में पाठ्यक्रम के अतिरिक्त पुस्तक के पढ़ने की आवश्यकता समझाते हुए पत्र लिखिए।

प्रश्न 18 किसी एक विषय पर लगभग 100 शब्दों में संवाद लिखिए। (5)

(1) विद्यालय में बढ़ती अनुशासनहीनता को लेकर प्रधानाचार्य और अध्यापक के मध्य वार्तालाप को संवाद के रूप में लिखिए।

(2) दो मित्रों के बीच में परीक्षा के किसी प्रश्न पत्र को लेकर हुई बातचीत को संवाद के रूप में लिखिए।

प्रश्न 19 नीचे दिए गए चित्र का वर्णन लगभग 100 शब्दों में कीजिए। (5)



====================== सफलता के लिए शुभकामनाएँ ======================